Title: Need to clear the proposal of the Government of Maharashtra regarding Hazira Gas Pipeline Project of Marathwada Development Corporation. − Laid.

श्री तुकाराम गणपतराव रेंगे पाटील (परभनी) : अध्यक्ष महोदय, सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं कि मराठवाड़ा डेवलपमेंट कारपोरेशन द्वारा हजीरा गैस पाईप लाईन प्रोजेक्ट स्थापित करने हेतु एक प्रस्ताव राज्य सरकार को दस साल पूर्व दिया गया था, जिससे मराठवाड़ा के कई जिलों को गैस पाईप लाईन से गैस की आपूर्ति होनी थी। राज्य सरकार ने उक्त प्रस्ताव को केन्द्र सरकार को भी भेज दिया है, किंतु उक्त प्रस्ताव पर समुचित कार्यवाही नहीं हुयी है। इस गैस पाईप लाईन से मराठवाड़ा के औद्योगिक रूप से पिछड़े क्षेत्रों के विकास में सहायता मिलेगी और यहां के बेरोजगार नवयुवकों को रोजगार मिलेगा।

सरकार से अनुरोध है इस प्रस्ताव को जल्द स्वीकृति दी जाए और आवश्यक धनराशि उपलब्ध करवाई जाये।